तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

12 भवानीपुर से रिवाडीह जर्जर सड़क राहगीरों के लिए...



12 ड्रेनेज सिस्टम से नगर को जलभराव से मिली मुक्ति





## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश काउंसिलिंग 15 से

**बलौदाबाजार**। सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रतिक्षा सूची के विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। काउंसिलिंग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगी। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 15 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 16 जुलाई को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 17 जुलाई प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 18 जुलाई प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8 वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं, तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद**। प्लांट से काम करने के बाद घर आने के लिए बाहर निकले युवक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि 28 जून को रात 8.30 बजे शिवालिक प्लांट से काम करने के बाद घर आने के लिए बाहर निकले युवक शेख रफीक को बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 2127 के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भतीजे से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बरतुंगा में चाचा ने अपने भतीजे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पिथौरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी पुनीतराम यादव ने बताया कि उसका और उसके चाचा मनराखन यादव का जिला सहकारी बैंक में शामिलात खाता है। जिसमें मनराखन यादव द्वारा खेती-किसानी करने के लिये बैंक से कर्ज लिया गया। जब उसने अपने चाचा को कर्ज की रकम जमा करने कहा। इसे लेकर 9 जुलाई की रात करीबन 9 बजे जब वह अपने घर आंगन में बैठा था उसी समय उसका चाचा मनराखन आंगन में आकर कर्ज नहीं पटाउंगा तुझे जो करना है कर ले कहकर गुस्से में आकर गाली गलौच करते हुए हाथ में रखे डंडे मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कृषि विस्तार अधिकारी एक्सीडेंट में घायल

**महासमुंद**। कार की टक्कर से बाइक में जा रहे कृषि विस्तार अधिकारी घायल हो गए। घटना एक जुलाई की है। मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोमाखान क्षेत्र होरीलाल ने बताया कि वह एक जुलाई काम निपटाने के बाद शाम को अपने मोटर सायकल सीजी 06 जीएल 6300 में सवार होकर कोमाखान से अपने घर महासमुंद रमनटोला जा रहा था। ग्राम ओंकारबंद सोसायटी के आगे बरगद वृक्ष के पास एनएच 353 पहुंचा था कि महासमुंद की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. ओडी08ए7455 के चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मार दिया।

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुदेव के पखारे चरण और चरणामृत लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

अलग खबर

राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। सुबह 7.30 से 8.30 बजे के बीच भगवान रघुनाथ का, श्री स्वामी बालाजी भगवान एवं संकट मोचन हनुमान का मंगल श्रृंगार आरती संपन्न होने के उपरांत स्वामी बलभद्र दास महाराज की समाधि स्थल पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मठ मंदिर के सभी पूर्वाचार्यों को याद किया गया। समाधि स्थल की परिक्रमा के पश्चात महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज आसन पर विराजित हुए। मठ मंदिर के सभी पुजारीयों ने तिलक लगाकर गुरुदेव का चरण पखार करके चरणामृत ली एवं विधिवत पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने गुरुदेव महाराज की पूजा अर्चना करके उन्हें शाल, श्रीफल, ऋतु फल, पुष्पमाला, द्रव्य इत्यादि अर्पित करके बारी-बारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर 12 बजे विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें राज्य भर के अनेक जिलों से पधारे हुए श्रद्धालु भक्तों ने गुरुदेव का चरण वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

**श्री दूधाधारी मठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा -भक्ति पूर्वक मना**





### भोग भंडारा का आयोजन

भोग भंडारा का आयोजन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मठ मंदिर में दोपहर 1.30 बजे भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर तथा दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए सभी श्रद्धालु भक्तों ने भगवान रघुनाथ जी का भोजन प्रसाद प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाया। यहां राज्य के अनेक जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन पूजन करने वालों में अनेक अधिकारी, कर्मचारी, कथावाचक, मंदिरों के पुजारी, समाजसेवियों के नाम शामिल हैं।

**मांग : जानकारी मिलते ही पहुंचा शिक्षा विभाग का अमला, छात्रों को तत्काल व्यवस्था का दिया आश्वासन**

# शिक्षकों की मांग पर अड़े छात्रों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



यहां से 11 किमी दूर ग्राम कोसमंदा में शुक्रवार सुबह हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षकों की मांग को लेकर करीब 2 घंटे तक छात्र-छात्राओं ने चक्काजाम किया। आंदोलन की जानकारी मिलते ही ग्रामीण थाना टीआई लखेश केवट, एबीओ भास्कर देंवागन, बीआरसीसी दुर्गेश शर्मा सहित थाना एवं शिक्षा विभाग का अमला मौके पर पहुंचा, जहां उनके द्वारा छात्र छात्राओं से आवागमन शुरू करने कहा। वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं की मांग यह रही कि वर्षों से यहां पर आर्ट्स और फिजिक्स के शिक्षक नहीं है, जबकि कोसमंदा के हायर सेकंडरी स्कूल में अचानकपुर, धुर्राबांधा, कुकदा, पौसरी सहित दर्जनभर के गांवों के छात्र छात्राएं पढ़ाई के लिए आते हैं। स्कूल काफी बड़ी होने के चलते यहां 400 से अधिक की दर्ज संख्या है। इस स्कूल में शिक्षकों की कमी के चलते छात्र-छात्राएं नाराज है और शिक्षकों की कमी की समस्या हल करने की मांग को लेकर सडक पर बैठ गये। सरपंच नारायण यदु ने भी स्कूली छात्र-छात्राओं का समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षकों की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन यहां पर शिक्षकों की तैनाती नहीं हुई, जिसकी वजह से आज चक्काजाम करने की स्थिति आयी। वहीं दूसरी ओर थाना प्रशासन, शिक्षा विभाग की पहल पर दो घंटे की मशक्कत के बाद छात्रों ने चक्का जाम समाप्त किया। इस संबंध में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल का कहना है कि वहां के स्कूल में सात शिक्षकों की तैनाती है। आर्ट्स और फिजिक्स के शिक्षक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर वहां भेजे जाने की बात कही। ज्ञात हो कि मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले बड़े गांव कोसमंदा में चक्काजाम होने से मोपका भाटापारा मार्ग दो घंटे बाधित रहा। बाद में समझाईस के बाद रास्ता साफ हुआ।

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंची प्रशासन की टीम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ तैनात कर्मचारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को प्रशासन की टीम नें बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुल के दोनों ओर तैनात कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गए। अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे के नेतृत्व में टीम नें विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी पर निर्मित अमेठी घाट एनिकट का निरीक्षण किया। एनीकट में अभी भी पुल के ऊपर से पानी बह रहा है लेकिन जल स्तर कम हुआ है। इस दौरान मौक़े पर उपस्थित कोटवार व कंस्टेबल से पूछ -ताछ कर अलर्ट रहने तथा लोगों को नदी तट पर न जाने चेतवानी देने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर डोंडे ने एक-एक अतिरिक्त कोटवार और कंस्टेबल की ड्यूटी वैकल्पिक रूप से ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों को ▶▶ शेष पेज 10 पर

# नशीली टेबलेट की बिक्री, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



■ पुलिस ने आरोपियों से 3900 नशीली गोलियां जब्त की

थाना सिमगा पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मुख्य मार्ग सिमगा से तीन आरोपियों को नशीली टेबलेट बेचते हुए गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई, जिसमें पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को मौके से पकड़ा।

जानकारी के अनुसार तीन युवक नशीली टेबलेट बिक्री करने की सूचना मिली थी, जिसमें मोहम्मद फरीद उर्फ रिंकू खान 32 वर्ष निवासी 75 डॉक्टर अंबानी दत्ता रोड हावड़ा कॉरपोरेशन हावड़ा पश्चिम बंगाल, ममता प्रधान 42 वर्ष निवासी मकान नंबर 23/395 वार्ड 23 हनुमान मंदिर के पास शक्ति नगर रायपुर, सैयद साहिल 22 वर्ष निवासी वार्ड 14 इमामबाड़ा सिमगा थाना सिमगा को पकड़ा। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपियों एवं उनके स्कूटी वाहन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। जिसमें आरोपियों से 3900 नग एन आईटीआरओएसयूएन 10 नशीला टेबलेट मिला जिसे जब्त किया गया। उक्त नशीले टेबलेट का बाजार मूल्य 24,180 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से नशीला टैबलेट बिक्री में इस्तेमाल स्कूटी वाहन क्र. सीजी 04 क्यूए 7237 एवं एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध पंजीबध्द कर धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# जिले में अब तक 341.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार**। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 11 जुलाई तक 341.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 393.9 एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 288.6 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 392 मिमी, पलारी 371.2 मिमी, लवन 356.3 मिमी, भाटापारा 327.6 मिमी, सोनाखान में 323.9 मिमी, सिमगा 312.8 मिमी एवं बलौदाबाजार 308.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 3074.5 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 341.6 मिमी है। 11 जुलाई को 321.8 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 35.8 मिमी है। तहसीलवार में सुहेला 59 मिमी, भाटापारा 46.3 मिमी, लवन 44.1 मिमी, टुण्डरा 37.5 मिमी, कसडोल 36.3 मिमी, पलारी 30 मिमी, बलौदाबाजार 27.5 मिमी, सिमगा 24.1 मिमी एवं सोनाखान में 17 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# उपभोक्ता आयोग ने अस्वस्थ खरगोश देने पर क्रेता को दिलायी क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ जांच में शर्तों के अनुसार विक्रेता फार्म को सेवा में कमी का दोषी पाया गया

खरगोश पालन के लिए अस्वस्थ खरगोश दिये जाने संबंधी मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने विक्रेता शिओम एग्रो फार्म को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए क्रय किये गये खरगोशों की मुल्य राशि का 70 प्रतिशत राशि 21,350 एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

जानकारी के अनुसार उपभोक्ता विवेक निराला ने विक्रेता शिओम एग्रो फार्म द्वारा विज्ञापन को पढ़कर संपर्क किया। विक्रेता व्यवसायी द्वारा खरगोशों पर निःशुल्क बीमा तथा सारे खरगोश मर जाने पर लागत का 70 प्रतिशत वापस किये जाने के संबंध में बताया, जिससे प्रभावित होकर आवेदक ने 19 खरगोश क्रय किया। बाद में ज्ञात हुआ कि खरगोश अस्वस्थ थे। विक्रेता को जानकारी देने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। कुछ समय पश्चात समस्त खरगोश मर गये, परंतु व्यवसायी द्वारा लागत का कोई पैसा उपभोक्ता को वापस नहीं किया गया। उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने उभयपक्ष की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सुक्ष्म परिशीलन पश्चात मामले में निष्कर्ष दिया कि ब्रोसर में उल्लेखित नियमावली के अनुसार मृत्यु पर 70 प्रतिशत राशि वापस की जाने का उल्लेख है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बीमारी से ग्रस्त अस्वस्थ खरगोश उपभोक्ता को दिया गया, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। ऐसी दशा में विक्रेता शिओम एग्रो फार्म ग्राम देवदा, आरंग को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता को क्रय किये गये खरगोशों की मुल्य राशि का 70 प्रतिशत राशि 21,350 एवं ▶▶ शेष पेज 10 पर

**फसल बीमा के लिए आधार कार्ड, बी-1, पी-2, बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र और घोषणा पत्र अनिवार्य**

# खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन 2025 अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के फसल के बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं (ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली), फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। किसान नजदीकी बैंक, वित्तीय संस्थान, ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) सेंटर में जाकर बीमा करा सकते है। खरीफ वर्ष 2025 में मुख्य फसल धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 60 हजार और धान असिंचित फसल के लिए 45 हजार प्रति हेक्टेयर की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित की गई है, जिसकी प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत कृषक अंश के रूप में धान सिंचित के लिए 1200 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं धान असिंचित के लिए 900 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी। शेष प्रीमियम राशि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा देय होगा। जिले में धान सिंचित, असिंचित के अलावा फसल सोयाबीन, मक्का, अरहर, उड़द एवं कोदो भी अधिसूचना में शामिल है, जिसका भी कृषक बीमा करा सकते है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने इस संबंध में बताया कि विगत वर्ष खरीफ 2024 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अंतर्गत स्थानीयकृत आपदा एवं उपज की कमी वाले ग्रामों के 173 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कुल 3,80,729 रुपये का फसल बीमा मुआवजा प्राप्त किया था, जो किसानों को होने वाले लाभ का स्पष्ट प्रमाण है। फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे- आधार कार्ड की कॉपी, भूमि प्रमाण पत्र (बी-1,पी-2), बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नम्बर एवं बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र अनिवार्य है।

किसान अपना आधार कार्ड खरीफ 2025-26 के लिए 31 जुलाई के पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा नहीं होगा।

हरिभूमि

पाठक सूचना

भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

आयुष न्यूज एजेंसी

पता : जयस्तंभ चौक-भाटापारा

संजीव तिवारी (संवाददाता)

98271-66722

99262-91392

## खबर संक्षेप

### हैलो किड्स में शाला प्रवेशोत्सव मना



**पलारी।** विगत दिनों नगर स्थित हैलो किड्स जीनियस हाइट्स स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय के सभी बच्चों को लड्डू खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। प्रिंसिपल भाग्यश्री चदन साहू व ने स्टाफ बच्चों को पेंसिल किट वितरण किया तथा नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ पेरेंट्स में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### पवन महामंत्री और मनीष कुमार बने युवा संगठन सचिव



**पलारी** । अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने पवन कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा महामंत्री तथा मनीष कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव (छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य प्रभारी) के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। यह दायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर,राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुशंसा व अनुमोदन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में सौंपा गया है। पवन साहू, वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में कार्यरत हैं, वहीं मनीष साहू आई.टी. प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी महामंत्री के रूप में अपने दायित्वों का सफलता से निर्वहन कर रहे हैं। दोनों ही युवा कार्यकर्ताओं ने अपने पूर्ववर्ती दायित्वों में उल्लेखनीय संगठनात्मक कार्य, सामाजिक सहभागिता, तकनीकी नवाचार व युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रेरणादायक कार्य किए हैं।

## पेज 9 का शेष

### बाढ़ संभावित क्षेत्रों...

भी सतर्क रहने कहा। गौरतलब है कि जिले में हो रही लगातार बारिश से जिले के विभिन्न नदी-नालों में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ क्री संभावना को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिन पुल-पुलियर्यों पर से पानी बह रहा है उनमें अवगमन बंद कर दिया गया है। वर्तमान में विकासखंड कसडोल में टेमरी नाला, पलारी में अमेठी घाट, भाटापारा में सेमरिया घाट, सिमगा में तरपोंगा पुलिया एवं कुलीपोटा पुलिया में बैरिकेटिंग कर आवागमन बंद किया गया है। इस दौरान एसडीएम दीपक निकुंज, तहसीलदार चुम्मन ध्रुव, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख सुरेश देवांगन, सरपंच अमेठी राजेश धृतलहरे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### उपभोक्ता आयोग ने...

मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 5000, वाद व्यय के रूप में 2,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

---

विडंबना : नाली और सड़क की हालत बदतर, 15 वर्षों से नहीं हो पायी पानी निकासी की व्यवस्था

# संयंत्र के गोद ग्राम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

जिला मुख्यालय से महज 4 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत रिसदा बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यह गांव जहां एक ओर न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र द्वारा गोद लिया गया है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं जैसे नाली और जल निकासी की व्यवस्था तक नहीं हो पाई है। हर साल बारिश में गांव की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बारिश के दिनों में गांव की मुख्य सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को चलने में काफी कठिनाई होती है। गंदे पानी के कारण संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति हर साल होती है, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसकी ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। ग्रामवासियों के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में गांव के तीन सरपंच बदले, लेकिन नाली निर्माण या जल निकासी व्यवस्था की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लगभग एक दशक पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव में सीमेंट सड़क तो बनाई गई, परंतु नाली निर्माण सिर्फ कुछ मीटर तक ही सीमित रहा। नाली की सफाई तक की कोई व्यवस्था नहीं है।



रिसदा ग्राम पहले इमामी सीमेंट, फिर डबल बुल और अब न्यू विस्टा लिमिटेड सीमेंट संयंत्र द्वारा गोद लिया गया है। संयंत्र के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी और जिला खनिज निधि फंड के तहत ग्राम विकास के लिए फंड उपलब्ध होता है। लेकिन इसके बावजूद गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी द्वारा गांव के विकास को लेकर किए गए वादे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। लाखों रुपये की राशि शासन और CSR फंड से मिलने के बावजूद उसका उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### मांग पत्र भेजा जाएगा



गांव में नाली नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में जल्द ही प्रशासन को राशि स्वीकृत करने के लिए मांग पत्र भेजा जाएगा।

**गणेश राम साहू**
सरपंच, ग्राम पंचायत रिसदा

---

# चाकू से हमला के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम धाराशिव में जान से मारने की धमकी देकर चाकू जैसे धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा पुराने झगड़ा विवाद की बात को लेकर चाकू जैसे धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचायी गई है।

प्राचीन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 जुलाई सायं लगभग 6 बजे ग्राम के ही सरगुबद्धा तालाब के पास प्रार्थी, आरोपीगण तथा अन्य लोगों के साथ बैठा था, तभी आरोपी संतोष बंजारे का वहां पर बैठे हुए एक अन्य व्यक्ति से पुराने झगड़ा विवाद की बात को लेकर झगड़ा होने लगा, जिस पर प्रार्थी द्वारा दोनों लोगों को समझाकर अलग किया। तत्पश्चात सभी लोग वहां पर से चले गए। उसके बाद रात्रि 8 बजे लगभग ग्राम के चौक के पास आरोपी गोपाल एवं संतोष बंजारे वहां पर आया और प्रार्थी का कालर पकड़कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू जैसे धारदार चीज से प्रार्थी के भाई त्रिलोक बंजारे पर वार किया, जिससे उसके बाएं कंधे पर गंभीर चोट आयी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,115(2), 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में संतोष बंजारे 50 वर्ष और गोपाल बंजारे 20 वर्ष निवासी ग्राम धाराशिव थाना लवन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, जहां आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

---



## वटगन विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व मना

**पलारी।** गुरुवार को पलारी के शासकीय उच्च मा विद्यालय वटगन में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया । इस अवसर पर हेम वर्षा फेकर 10वीं और जित्तू बंजारे 12वीं द्वारा गुरुदेव का छायाचित्र बनाया गया। वही अल्का निषाद 10वीं की छात्रा ने पत्ते से पुष्पमाला तैयार किए जो सबको आकर्षित कर रही थी। मां सरस्वती का पूजन कर बच्चों ने गुरुजनों का गुलाल लगाकर स्वागत किए। इस अवसर पर ममता चंद्राकर तृप्ति पटेल ने गुरुजनों के सम्मान में कविता प्रस्तुत की। प्रभारी व्याख्याता बी एल ढीढ़ी ने कहा गुरु की महिमा अपरंपार है गुरु से बड़ा कोई नहीं। व्याख्याता एम के वैष्णव ने कहा हमारा भारत विश्व गुरु है गुरु को पूजा जाता है। सभी गुरुजनों ने बच्चो को गुरु महिमा के बारे में बताए। इस अवसर पर समस्त छात्र -छात्राओं सहित प्रभारी प्राचार्य बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, सगुण सोनी, टी के साहू ,सुशीला जांगड़े, रेणुका, राकेश आदि उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री प्रज्ञापीठ में हुआ महायज्ञ

**हिरमी-रावन** । गुरु पूर्णिमा पर गायत्री प्रज्ञा पीठ हिरमी में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे गायत्री मंत्रों के अखंड जाप से हुई, जो संध्या 5 बजे तक एवं युग संदेश परिव्राजक श्यामसुंदर द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान श्यामसुंदर साहू ने कहा कि गुरु पूर्णिमा अनुशासन और श्रद्धा का पर्व है, जो गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। टीकाराम साहू ने बताया कि गुरु अपने तप, पुण्य और ज्ञान का अंश अपने शिष्य को प्रदान करते हैं, जिससे साधारण व्यक्ति भी असाधारण बन जाता है, उदाहरण स्वरूप रामकृष्ण परमहंस की कृपा से नरेंद्र, स्वामी विवेकानंद बनकर भारतीय संस्कृति का ध्वज पूरे विश्व में फहराते हैं. बृजनंदन गुरु की कृपा से शंकर, दयानंद सरस्वती बनते हैं। इसी उद्देश्य से अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना एवं प्रज्ञा अभियान जैसी पत्रिकाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी है। कार्यक्रम में गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य ट्रस्टी टीकाराम साहू, सोनू फेकर, विशाल सिन्हा, विद्याभूषण पटेल, भगवती पटेल, छन्नूलाल फेकर, सरस्वती, भारती, नन्दनी,तिर्थी सिन्हा, जगमती, पिलेश्वरी, प्रज्ञा वर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।



## जपं पलारी सचिव संघ के अध्यक्ष बने चूड़ामणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जनपद पंचायत पलारी में सचिव संघ के निर्वाचन में चूड़ामणी साहू निर्वाचित हुए। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के उपाध्यक्ष नरेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि निवृत्तमान मनीराम यादव के अस्वस्थ होने के कारण दिए गए त्यागपत्र के पश्चात लोकतांत्रिक पद्धति से निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए अधिसूचना जारी की गई, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ के पश्चात कुल दो अभ्यार्थीयों ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें कमलेश साहू और चूड़ामणी साहू के बीच निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया।

इसमें कुल 90 पंचायत सचिवों ने अपने मत का प्रयोग किया गया, जिसमें चूड़ामणी साहू को 51 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार 12 मतों के अंतर से चूड़ामणी साह को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। पलारी जनपद पंचायत के अध्यक्ष निर्वाचन में जिला अध्यक्ष प्रसेन भटट कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, निर्वाचन अधिकारी बालाराम वर्मा, सुरेश देवांगन, बलौदाबाजार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बलदाऊ साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष मनीराम यादव, दिनदयाल कनौजे, योगेश वर्मा, दिनदयाल साहू, परसराम साहू, बालाराम कुर्रे, माखनलाल साहू, रामप्रकाश वर्मा, सियाराम साहू, सहमीर खान, विजय यदु, राजेश कुमार टंडन, केहर सिंह ठाकुर, डायमंड वर्मा, सरिता वर्मा, राजेश्वरी वर्मा, सरिता पैकरा, प्रमिला कुरुवंशी, चंन्द्रवती ध्रुव, उमा सांधरे, लक्ष्मी यादव, राजेश वैष्णव, राजेश साहू, मुकेश टंडन, अमित दिवान, ओमप्रकाश पटेल, सोम साहू, अरुण कैवर्त, सरोज कुर्रे, सावित्री घृतलहरे, तोष साहू सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।



---

# सरकार का डिजिटल इंडिया खोखला साबित होने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवा

■ जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनवाने भटक रहे छात्र-पालक

केंद्र और राज्य सरकार का डिजिटल इंडिया बनाने का सपना था कि आम जनता को जरूरी सरकारी सेवाएं पारदर्शिता, सरलता के साथ उपलब्ध हो, लेकिन इस समय लोगों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है, जिससे सरकार का डिजिटल इंडिया खोखला साबित हो रहा है। इस समय सरसींवा तहसील कार्यालय की लापरवाही के चलते लोगों के आय, जाति, निवास जैसे मूलभूत प्रमाणपत्रों के लिए च्वाइस सेंटर में जमा ऑनलाइन आवेदन को तहसील ऑपरेटर द्वारा जानबूझकर सेंड बैक किया जा रहा है और फिर प्रमाणपत्र स्वीकृति के बदले आवेदकों से अवैध रकम की मांग की जा रही है। लोगों ने बताया कि एक साल पहले उक्त प्रमाण पत्र से उनके घर के अन्य सदस्य के प्रमाण पत्र आसानी से बने थे लेकिन इस सत्र में उसी दस्तावेज से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, इससे विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। थोड़ी भी त्रुटि से आवेदन खारिज हो रहे हैं या पेंडिंग में जा रहा है जिससे छात्र, पालक सब परेशान हैं। जानकारी के अनुसार 99 फीसदी ऑनलाइन आवेदन जानबूझकर मूल दस्तावेज़ के साथ उपस्थित होने, नये पटवारी प्रतिवेदन पेश करने जैसे बहाने बनाकर सेंड बैक कर दिए जाते हैं जबकि दस्तावेज़ पहले ही अपलोड किए गए होते हैं।




इसके बाद आवेदक जैसे ही तहसील कार्यालय पहुंचता है वहां आवेदन स्वीकृति के नाम से पैसे वसूला जा रहा है। केवल आम नागरिक ही नहीं चॉइस सेंटर संचालक भी इस चक्रव्यूह में फंसे हुए है चॉइस सेंटर चलाने वाले ई-सेवा प्रदाता भी शोषण का शिकार हो रहे हैं। नियमों के तहत अगर सेंड बैक आवेदन पर 10 दिनों में प्रमाण पत्र नहीं बनता तो संबंधित चॉइस सेंटर को प्रति आवेदन 500 का जुर्माना भरना पड़ता है। इसका सीधा फायदा उन लोगों को मिल रहा है जो फाइलें रोककर बाद में पैसे लेकर स्वीकृति दे रहे हैं। इस प्रकार की लापरवाही से अभी हाल ही में एसडीएम कार्यालय बिलाईगढ़ को 45 हजार रु की पेनाल्टी लगी है।

# स्वच्छता समिति करेगी घर-घर कचरा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्वच्छता स्थाई समिति की बैठक में सभापति जामवंती नीलकमल साहू द्वारा सभी ग्राम पंचायत में घर-घर कचरा संग्रहण करने के लिए लोगों से अपील की है। साथ में सभी सार्वजनिक शौचालय का नियमित रूप से उपयोग हो सभी परिवार अपने घर का व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग करें। कोई भी खुले में शौच के लिए ना जाए। अभी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 का सभी आधिकारिक कर्मचारी जनप्रतिनिधि और गढ़ मान्य नागरिक से अपील की। स्वच्छता सर्वेक्षण का मोबाइल ऐप से अपना फीडबैक साझा करें, जिससे विकासखंड पलारी को अधिक से अधिक लोगों को जागरूकता किया जा सकता है। बैठक में स्वच्छता स्थाई समिति के सभापति जामवंती, नीलकमल साहू,अश्वनी रजक, सदस्य रामबाबू पटेल, टेमीश्वरी साहू, नूतन ध्रुव, जनपद पंचायत पलारी के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम खजूर कर स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक रजनीकांत बंजारे की उपस्थिति में बैठक संपन्न किया गया ।



---

रेल संभाग प्रबंधक से एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की

# रेलवे डीआरएम ने हथबंद स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध

सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल को ग्रामीणों द्वारा ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर हो रही समस्या को अवगत करवाया, तत्पश्चात सभी मिलकर रायपुर रेल संभाग प्रबंधक दयानंद के हथबंद रेलवे स्टेशन में औचक निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों का प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत किए। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम को स्थानीय रेल समस्याओं से अवगत करवाया गया। इसमें डिविजनल रेलवे मैनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल, छत्तीसगढ़ हथबंद में एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज प्रदाय करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि इस रेलवे स्टेशन से ही तीन बड़े सीमेंट फैक्ट्री हिरमी, ग्रासीम एवं श्री सीमेंट और अपोलो फैक्ट्री स्थित है, जिसका संचालन एवं संधारण हथबंद से ही होता है। जिससे करोड़ों का राजस्व हथबंद रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्राप्त होता है। आस-पास के लगभग 24 गांव हथबंद, सीतापार, डॉगरिया, लावर, मोहभट्टा, रिंगनी, केसदा कामता, झिरिया, नवागांव, नेवधा, खपरीकला, पौसरी, भैसा, करेली, उड़ेला, खिलोरा, केसली, नवापारा, धोधा, कुकराचुंदा, मुड़पार, जांगड़ा, बिलाइडबरी के हजारों लोग इस स्टेशन से रोज आवागमन करते हैं। कोरोना काल के पूर्व हथबंद रेलवे स्टेशन में तीन एक्सप्रेस ट्रेन दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, टाटा-इतवारी एक्सप्रेस का स्टॉपेज था जिसे बंद कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय नागरिक, दैनिक यात्री, विद्यार्थी एवं सभी लोगों को बहुत सी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। रेल मंडल अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मैं आपके जनहित मांगों को तत्काल पूर्ण कराने का प्रयास करुंगा। इस मौके पर अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा व नवापारा हथबंद मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, हथबंद सरपंच ढालेश्वरी नरेश अन्नत, स्थानीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य उत्तम कुमार विश्वास, पूर्व सरपंच विद्या वर्मा एवं नवनिर्वाचित जनपद प्रतिनिधि बबलू पटेल, पंच मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, युवा भाजपा नेता नवापारा हथबंद मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, जीतू निषाद, संतराम देवदास, अवधराम ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।



# पंडरिया शक्कर कारखाना, 250 श्रमिकों को निकाला, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**पांडातराई।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के श्रमिकों ने हड़ताल शुरू कर दिया है,सैकड़ों के अधिक संख्या में ये कर्मचारी श्रमिक कल्याण संघ के बैनर तले परसवारा मेन गेट के पास हड़ताल में हैं और नारेबाजी भी कर रहे हैं। अभी तक कारखाना प्रबंधक और शासन प्रशाशन द्वारा कोई रास्ता नहीं निकला गया है श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा सचिव अजय बंजारे प्रवक्ता संतराम वर्मा ने बताया कि 250 श्रमिक कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया है। श्रमिकों ने बताया कि हर साल 1, 5 जुलाई, 8 जुलाई से लेकर पेराई सीजन बंद होने तक काम करते हैं। लेकिन इस बार 11 जुलाई तक 250 करीब श्रमिकों को काम पर नहीं बुलाया जा रहा हैं सीधे तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया गया है। संघ ने प्रबंध और क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर से चर्चा किया तो कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। यही वजह से हड़ताल में बैठ गए हैं। **कर्मचारियों ने जल्द से जल्द नौकरी पर रखने की मांग कर रहे -** यदि जल्द से मांग पूरा नहीं होता तो आगे आंदोलन की रूप रेखा बदलते रहेंगे जैसे कारखाना घेराव, चक्का जाम, अर्द्धनग्न नाट्य ,उग्र आंदोलन एवं अन्य प्रकार का विरोध करेंगे।



अभी परसवारा मेन गेट के पास तंबू गाड़ कर रहे कारखाना के सामने आंदोलन में बैठे हुए हैं और आगे हम श्रमिकों का लड़ाई जारी रहेगा।

### चहेते लोगों को नौकरी पर रख रहे

वर्तमान में कारखाना प्रबंधक द्वारा अपने चहेते फर्जी डिग्रीधारी व ठेका श्रमिक और ओम इंटरप्राइजेस के लोगों को नौकरी पर रख रहे हैं और प्रमोशन कर रहे हैं। गरीब मजदूर कारखाना के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे अपने बच्चे का पढ़ाई लिखाई कराते हैं जिनका भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं पालन-पोषण से लेकर बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित हो रहा है। आज अनिश्चित कालीन क्रमिक भूख हड़ताल में श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक बंजारे, सचिव अजय बंजारे, प्रवक्ता संतराम वर्मा, सचिव मेलन मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सदस्य अश्वनी साहू, सदस्य बिसेन साहू, सदस्य जागेश्वर कुर्रे, रामझूल चंद्रवंशी, मुकेश यादव, अमर बंधवे, शिवकुमार निषाद, मो.जुनैद खान, अजय धुर्वे, नंदकुमार चंद्राकर, योगेश साहू, भरत लाल यादव एवं सैकड़ों की संख्या पर हड़ताल में बैठे हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

### शिव पुराण कथा व रूद्र महाअभिषेक के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा





**खरोरा।** नगर के वार्ड 6 में 7 दिवसीय शिव पुराण कथा व रूद्र महाअभिषेक आयोजन किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण कर कराया गया। नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल पहुंचे पं. बृजभूषण तिवारी द्वारा शिव महापुराण कथा व रूद्र अभिषेक कथा प्रारंभ की। नगर के वार्ड 6 शीतला मंदिर प्रांगण में संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। सावन मास के प्रथम दिवस आयोजन में नगरवासियों द्वारा कलश यात्रा निकला नगर भ्रमण कराया गया, जहां शिव भक्तों द्वारा भोलेनाथ के जयकारे के बीच नगर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलश यात्रा में शामिल होकर नगर को शिव भक्ती में रंगों में डाला। वार्ड 6 शीतला पारा निवासी ओमू देवांगन, वेद देवांगन, लोकेश देवांगन द्वारा आयोजित संगीतमय शिव महापुराण आयोजन में कथावाचक पं. बृजभूषण तिवारी भोले बाबा शिव शंकर की महिमा का गुन गान कथा के माध्यम से किया जावेगा।

### स्वयंसेवकों ने लगाये पौधे



**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान (ख) बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने स्कूल परिसर एवं गोद गांव में 20 फलदायी पौधे लगाए और 500 पौधारोपण करने का संकल्प लिया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर, भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़ पौधारोपण कर रहे हैं। ग्राम संरपच चंदा देवी महिलांग भी स्वयंसेवकों का पूरा सहयोग कर रहे हैं। गोद गांव पाहंदा में भी 10 पौधा लगाया गया।

### श्रेया का सीए में चयन

**मुड़पार सरसींवा ।** सरसींवा की श्रेया अग्रवाल का सीए में चयन हुआ। उन्होंने एक ही बार के प्रयास से सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने पिता गोविंद अग्रवाल एवं माता सुनीता अग्रवाल के साथ साथ मामा टेकचंद अग्रवाल को दिया, जिन्होंने कभी भी हताश नहीं होने दिया।



### पीएम श्री स्कूल अमोदी में इको क्लब का गठन



**मुड़पार सरसीवां।** पीएम श्री स्कूल अमोदी में बाल सभा की बैठक हुई, जहां इको क्लब का गठन कर विद्यार्थियों को पद की शपथ दिलाई गई। एको क्लब में सुमित यादव - प्रधानमंत्री, अंशु पटेल -पर्यावरण मंत्री, योगिता राणा - शिक्षा मंत्री एवं भूमिका, ममता, मानस, निखिल खुशी प्रीति, कल्पना,विकाश, शौर्य, मानसी, देवांशी, दिव्या को अन्य और मंत्री बनाए गए जिसकी शपथ भी ली। इसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, शाला के प्रधान पाठक चम्पा साहू,एवं शिक्षक गण में धीसीका नेताम, सीमा साहू, गिरधर लाल रत्नाकर, उमाशंकर पटेल उपस्थित रहे।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में अपने घर के पास लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा देने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

दिवस : छात्रों को दी गई गुड टच, बैड टच, कमेंटस, अश्लील वीडियो और मैसेज से सावधान रहने की जानकारी

# विश्व जनसंख्या दिवस पर लगा सोनार देवरी में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनार देवरी में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष विधिक साक्षरता का आयोजन किया गया।

विधिक जागरूकता शिविर में सरस्वती पूजा से शिविर का प्रारंभ किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को भोटरयान अधिनियम, लैगिक उत्पीडन, रैगिंग, साइबर क्राइम व बाल विवाह अधिनियम की बुनियादी जानकारी प्रदान की गई, जिसमें यह बताया गया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, तेज गति से वाहन चलाने के क्या दुष्परिणाम हो सकते है। लैंगिक उत्पीड़न में गुड टच बैड टच, कमेंटस, अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे जाने पर उसके संबंध में परिवारजनों एवं शिक्षकों को आवश्यक रूप से जानकारी दी। साइबर काइम के अंतर्गत एडिटिंग के माध्यम से अश्लील वीडियो या अन्य अश्लील चीजों को लेकर धमकाने के संबंध में बताया गया। बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी है तो किसी डर या दबाव में आये बिना अपने निकटतम दोस्त शिक्षक या परिवार के किसी सदस्य को आवश्यक रूप से जानकारी दे, किसी प्रकार का कोई गलत कदम न उठायें।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के अंतर्गत तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, योगिता, जांगडे के द्वारा भी विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष शिविर का आज शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अरौठी में किया गया। प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर चंद्रशेखर श्रीवास द्वारा महिला समूह सुकली, अजय कुमार द्वारा स्कूल मोहभट्ठा, नरेन्द्र देवांगन व अशोक श्रीवास्तव द्वारा भाटापारा शहर एवं ग्रामीण के स्कूल, मोनिका दिक्षित द्वारा महिला समूह मनोहर, अश्वनी कुमार साहू द्वारा शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कोसमसरा, चन्द्रशेखर श्रीवास द्वारा डा. एपीजे स्कूल टुण्ड्रा सुखदेव सेन व लाखन बंजारे द्वारा बलौदाबाजार में विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन कर जन सामान्य एवं स्कूली बच्चों को बुनियादी विधिक जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार का निरंतर यह प्रयास है कि स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण जनो को बुनियादी विधिक जानकारी प्रदान किये जाने हेतु अधिक से अधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाये, जिसके तारतम्य में विगत माह 90 विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ





**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत बलौदाबाजार परियोजना के ग्राम शुक्लाभांठा में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत विश्व जनसंख्या जागरूकता दिवस, विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं एक पेड़ बेटी के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, काउंसलर स्वास्थ्य विभाग बरखा वेसलियन, पर्यवेक्षक गिरजा वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ नम्रता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत भरुवाडीह में शाला प्रवेश उत्सव एवं गुरु पूर्णिमा मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीरज परगनिया थे। अध्यक्षता सरपंच नरेंद्र कश्यप ने की। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए समर्पण के साथ पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। सरपंच नरेंद्र कश्यप ने कहा गुरुपूर्णिमा और शाला प्रवेश उत्सव एक प्रेरणादायी अवसर है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में नव चेतना का संचार हुआ है।



इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण का कार्य भी संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासी, शिक्षकगण और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप सरपंच भावसिंग, देवराज कश्यप, भीष्म कश्यप, एवं विनोद धृतलहरे का बहुमूल्य योगदान रहा।

## मांठ स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा विकासखंड के हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला मांठ में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शेषनारायण वर्मा एवं जनपद उपाध्यक्ष दुलारी, सुरेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति आदर और सम्मान प्रकट किये। विद्यालय परिसर में भक्तिपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य हेमलता साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक आशाराम वर्मा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मनोज कुमार बघेल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण रेखा मिश्रा, देवेंद्र बर्मन, सरस्वती वर्मा, नर्मदा साहू, उत्तरा साहू, वसुंधरा साहू, मंजू देवांगन, यामीन वर्मा एवं शिवानी वर्मा की उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता रही।



## गुरु पूर्णिमा पर हुआ गुरुओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंधकार में भी प्रकाश की राह दिखाने वाले गुरुओं का सम्मान गुरु पूर्णिमा एवं शादी की सालगिरह पर निवास स्थान में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा आज मेरे लिए बहुत ही खुशी का पल है आज मेरे गुरुदेव भगवन के रूप में मेरे घर आए हैं। गुरु के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त कर आज हम धन्य है माता-पिता ने जन्म दिया, पर गुरु ने जीने की कला सिखाई, ज्ञान चरित्र और संस्कार की हमने शिक्षा पाई, इस अवसर पर कबीर पंथ के साहेब गुरु तुलसीदास गोस्वामी, सीताराम यादव, चंद्रकुमार डड़सेना, नेतराम धीवर, भूपेंद्र लिमतरिहा पार्षदगण पंचराम यादव, राहुल मरकाम, पूनम उपाध्याय, जय प्रकाश वर्मा, शेखर देवांगन, बाबा नशीने, तामेश्वर मरकाम, हेमंत देवांगन, लीला, टेकराम देवांगन एवं राजेंद्र सोनी परिवार उपस्थित थे।

## बनसांकरा में शराब की अवैध बिक्री बंद कराने एसपी को ज्ञापन

**सिमगा।** ग्राम बनसांकरा के सरपंच राहुल सिंह ठाकुर के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंप कर ग्राम में बिक रहे अवैध शराब को बंद कराने की मांग की। सरपंच ठाकुर ने बताया कि गांव में विगत कुछ समय से असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं खुले आम शराब का सेवन किया जा रहा है। नशेड़ियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन लड़ाई झगड़ा होना, अश्लील गालियां देना आम बात है। जिससे रास्ते से गुजरने वाले लोगों को शर्मशार होना पड़ता है। नशेड़ियों के इस प्रकार के हरकतों से गांव का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच के साथ गये प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंप कर उक्त अवैध शराब बिक्री पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच राहुल सिंह ठाकुर, अग्रहित मिरि, गोविंद सतनामी, दया निषाद, डेहरु प्रसाद, लोकनाथ धृतलहरे, भागीरथी वर्मा, राजकुमार, फत्ते लाल साहू, लीला धर साहू, नरेश कुमार एवं खैरघट से प्रकाश यादव शामिल थे।




### सरपंच ने यादव समाज के लोगों का किया सम्मान

**सिमगा।** समीपस्थ ग्राम बनसांकरा में सरपंच राहुल सिंह ठाकुर ने अपने साथियों के साथ गौ माता की सेवा में निरंतर लगे तथा गांव के व्यवस्था के एक प्रमुख अंग के रूप में काम करने वाले यादव समाज के लोगों का गुलाल लगाकर कर एवं गमछा व छाता भेंट कर सम्मान किया। उक्त अवसर पर उप सरपंच फत्तेलाल साहू, केवल साहू, नरेंद्र यादव, कुंदन साहू, खिलेश्वर यादव, कृपाल साहू, मनहरन यादव, मोहन यादव, बिनेश यादव, भागवत यादव, सीताराम यादव, रिचु यादव,आदि मौजूद थे।



## पवन बने तैलिक महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अखिल भारतीय तैलिक महासभा के राष्ट्रीय युवा महामंत्री के रूप में पवन साहू की नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। जानकारी मिलते ही सामाजिक संगठनों और साहू समाज के लोगों ने पवन साहू को बधाई दी। इस अवसर पर पवन साहू ने सभी सामाजिक जनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह दायित्व समाज के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है और वे इसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस खुशी के मौके पर प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष धन्नू साहू, जिला साहू संघ बलौदाबाजार के मीडिया प्रभारी केशव साहू, मीडिया प्रभारी हेमकुमार साहू, दतान परिक्षेत्र अंकेक्षण हेमंत साहू सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी ने पवन साहू को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

किसानों और ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

# खाद न मिलने की शिकायत पर सोसायटी पहुंचे विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज नहीं मिलने की शिकायत पर विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक के ग्राम पौंसरी एवं कामता सोसाइटी पहुंचकर खाद एवं बीज की स्थिति की जानकारी ली तथा समय अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था करने निर्देश व्यवस्थापक को दिए। विधायक साव के सोसायटी पहुंचने पर पौंसरी के किसानों ने समय पर बीज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कहा कि बोनी के समय किसानों को बीज नहीं मिला, वही स्थिति खाद की भी बनी हुई है। किसानों को डीएपी खाद की जगह एनपीके वितरित किया जा रहा है, जो की डीएपी से 400 रूपए महंगा है, जिसे किसान मजबूरी में खरीद रहे हैं। इस दौरान समिति के व्यवस्थापक ने यूरिया, पोटाश, राखड़ एवं एनपीके खाद उपलब्धता की जानकारी दी। पौंसरी समिति अध्यक्ष परस पटेल ने विधायक इन्द्र साव का स्वागत करते हुए समिति में कीचड़ एवं बाउंड्री वाल की समस्या से अवगत कराया, तो वहीं पौंसरी के ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या रखी। बिनैका के किसानों ने नहर के ऊपर पुल बनाने की मांग की। औरठी के किसानों ने सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए उसकी मरम्मत कराने की मांग विधायक के समक्ष रखी। कामता समिति में भी किसानों ने डीएपी एवं एनपीके दोनों खाद नहीं होने की बात बताती। जहां व्यवस्थापक ने यूरिया, राखड़ पोटाश उपलब्ध होने की जानकारी दी । नवागांव के किसानों ने खाद एवं बीज दोनों नहीं मिलने की शिकायत विधायक से की। कामता के किसानों ने स्वास्थ्य केंद्र में नर्स एवं स्कूल में शिक्षकों की कमी से भी विधायक को अवगत कराया इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगनी करने की बात कहते हैं वहीं छत्तीसगढ़ के डबल इंजन की सरकार किसानों को बीज एवं खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खरीफ सीजन में किसान धान की फसल के लिए खेती में जुट गए हैं लेकिन जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज उपलब्ध नहीं है इसके चलते उन्हें बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अधिकारियों ने डीएपी की कमी स्वीकारते हुए एनपीके खाद देने की बात कही लेकिन एनपीके खाद की उपलब्धता नहीं होना भी गहन चिंता का विषय है। विधायक साव ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि कार्य शुरू होने के पहले ही खाद बीज का भंडारण कर लेने का दावा कर रही है मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है किसानों को डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग करना पड़ रहा है जिससे किसानों को 400 से 500 रुपए अतिरिक्त देना पड़ रहा है। यदि सरकार समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा पाई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने को तैयार है। उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ईश्वर सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, सत्यजीत शेंडे, जनपद प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, औरठी सरपंच प्रतिनिधि नरेश साहू, बिनैका सरपंच मुकेश बंजारे, नवागांव के उपसरपंच शिवकुमार साहू, झिरीया उपसरपंच महेंद्र साहू, पौंसरी उपसरपंच राजकुमार जांगड़े , शेषनारायण साहू, पूर्व सरपंच अश्वनी बारले आदि उपस्थित थे।



**न्यायालय - प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश भटगांव जिला- सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

प्रो.क्र. 434/25

लोकनाथ वगै. .............आवेदकगण

**// बनाम //**

आम जनता वगै. ...............अनावेदक

यह कि आवेदक ने इस न्यायालय में एक उत्तराधिकार वाद वास्ते उत्तराधिकारी घोषित कराये जाने बाबत् आम जनता के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है, जो कि आवेदकगण के माता रमाबाई है, जिसके नाम से बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा बिलाईगढ़ में बचत खाता खोला गया था, जिसका नामनी उसकी पति रमेश कुमार चन्द्रा था। आवेदकगण के माता-पिता का दिनांक दिनांक 19.08.2024 में सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गया था आवेदकगण अपने माता पिता की वैध संतान होने के नाते कृषि संबंधी सभी राजस्व दस्तावेज में आवेदकगण का नाम दर्ज हो गया है। आवेदकगण के माता के द्वारा अनावेदक क्रमांक 02 के बैंक खाता क्रमांक 86680100018375 है, जिसमें 200000/- (अक्षरी - दो लाख रूपये) जमा है। आवेदकगण के माता की बीमा राशि 200000/- (अक्षरी- दो लाख रूपये) इस प्रकार जुमला राशि 400000/- (अक्षरी - चार लाख रूपये) है। आवेदकगण के द्वारा अपने माता पिता के वैध उत्तराधिकारी होने के नाते बैंक बचत खाता में जमा राशि को प्राप्त करने के लिये मामला प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाइ पेशी दिनांक 16.07.2025 को दिन 10:30 बजे इस न्यायालय में होगी।

यदि किसी आम जनता को इस मामले मे अपना पक्ष रखना होगा या कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी तारीख को स्वयं या किसी अधिकृत व्यक्ति या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है और अगर नियत पेशी तारीख को आप लोगों के द्वारा कोई आपत्ति नहीं किया जाता है तो आप लोगो के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

नोट - यदि किसी कारणवश नियत पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाइ अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 05.07.25 को न्यायालय के मुहर व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश भटगांव जिला - सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

## गुरु पूर्णिमा पर भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन ने डॉ. भानुप्रताप से लिया आशीर्वाद



**भाटापारा।** गुरु पूर्णिमा पर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा पहुंच डॉ.भानु प्रताप साहेब से उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिवरतन शर्मा ने कहा गुरुओं का मार्गदर्शन ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। संत परंपरा और कबीर पंथ के विचार हम सभी को सत्य, प्रेम और सद्भावना के पथ पर चलने की प्रेरणा देता हैं। उन्होंने कहा की गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। डॉ.भानु प्रताप साहेब से भेंट के अवसर पर मंडल अध्यक्ष सिमगा चन्द्रमणी तिवारी एवं भाजयुमो सिमगा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू भी उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं ने रोपा पौधा



**सिमगा।** सावन माह के आज प्रथम दिन पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर के जागरूक युवा आशीष तम्बोली एवं तारकेश देवांगन ने शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय के ग्राउंड में फलदार पौधे आम जामुन, कदंब, पीपल व बरगद के पेड़ लगाए गये। तत्पश्चात सरोपी तालाब में भी पौधारोपण किया गया।

# भवानीपुर से रिवाडीह जर्जर सड़क राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

**दर्जनों गांवों की 25 हजार से अधिक आबादी निर्भर**

ग्राम भवानीपुर से रिवाडीह तक जाने वाला करीब 5 किमी लंबा सीसी रोड अब गड्ढों और दलदल में तब्दील हो चुका है। इस जर्जर सड़क के कारण चार गांवों की करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। छात्र-छात्राओं को भवानीपुर हाई स्कूल आने-जाने में भी दिक्कत हो रही है। ऐसी स्थिति में कई दिन ऐसा होता है जो स्कूल भी नहीं आ पाते जिससे पढ़ाई लखाई में दिक्कत होती हैं। सड़क मूल रूप से 9 टन वजन क्षमता वाली थी, लेकिन रेत माफियाओं की 40-45 टन वजनी हाइवा और ओवरलोड गाड़ियों ने इसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। अब स्थानीय लोगों के लिए यह मार्ग यात्रा करना दूभर हो गया है, खासकर बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है।





### प्रशासन की लापरवाही

सरपंच शालिक राम, जनपद सदस्य जनार्दन वर्मा, ओंकारेश्वर वर्मा, गोविंद कन्नौजे, अंजोरी यादव, खुलेश कन्नौज, महेश साहू, विष्णु साहू आदि ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें रोजाना इस जर्जर सड़क से गुजरना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस सड़क की मरम्मत कराई जाए और रेत माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सड़क को फिर से नुकसान न पहुंचे।

कोदवा-ससहा-देवसुंद्रा मार्ग भी जर्जर हालत में- इसी तरह, कोदवा-ससहा-देवसुंद्रा मार्ग भी 8 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क होने के बावजूद अब गड्ढों का घर बन चुका है। इस सड़क का निर्माण करीब 15 साल पहले हुआ था, लेकिन समय पर मरम्मत न होने के कारण यह पूरी तरह जर्जर हो गई है। इस मार्ग पर दर्जनों गांवों की 25 हजार से अधिक आबादी निर्भर है। गाड़ाभाटा, टीला, दतान, सकरी, बोरतरा, औरासी, चुचरुंगपुर, गुमा आदि गांवों के लोग राजधानी जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। बारिश के मौसम में गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है।

**समस्या :** नपा अध्यक्ष ने समयबद्ध योजना बनाकर वर्षों पुरानी समस्या से दिलायी राहत

# ड्रेनेज सिस्टम से नगर को जलभराव से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

लगातार बारिश के बाद भी नगर के मण्डी रोड सहित अन्य इलाकों में नही भरा बारिश का पानी....न.पा.अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्ग दर्शन मे पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारने जुटी रही न.पा.की पूरी टीम

भाटापारा। नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में बीते तीन-चार माह से नगर विकास व मूलभूत समस्या को हल करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। पेयजल, सफाई, ड्रेनेज की व्यवस्था को सुधार सहित अन्य कार्यों को गंभीरता से कराया जा रहा है, जिसका परिणाम शहरवासियों को देखने को भी मिल रहा है। वहीं हर साल बारिश के दिनों में तेज व लगातार बारिश से मण्डी रोड इलाका सहित शहर के अन्य और कई स्थानों में जल का भराव हो जाता था, किन्तु इस साल बीते पखवाड़े भर से लगातार बारिश के बाद भी मण्डी रोड सहित शहर के अन्य इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई। ड्रेनेज व्यवस्था को सुधार सहित नई नालियों का निर्माण करा जल भराव की स्थिति से आम नागरिकों को मुक्ति दिलायी। दूसरी ओर वर्षों से जाम पड़े नाले व नालियों की सफाई का काम बारिश से पूर्व कराया गया, ताकि लोगों को बारिश में तकलीफों का सामना न करना पड़े।



### समाधान हुआ

50 वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान अब संभव हो पाया है। तकनीकी टीमों और अधिकारियों के सहयोग से एक ठोस योजना पर काम किया। हमारा लक्ष्य स्वच्छ, सुंदर और समस्यामुक्त भाटापारा हो।

**अश्वनी शर्मा**
नगर पालिका अध्यक्ष,भाटापारा

### राहत मिली है

नगर में विगत पांच दशकों से जलभराव की समस्या थी। पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में हमने इसका स्थायी समाधान ढूंढा। सर्वेक्षण, तकनीकी विश्लेषण एवं चरणबद्ध कार्ययोजना से ड्रेनेज सिस्टम का पुनर्निर्माण, नालियों का चौड़ीकरण और जल निकासी के लिए आधुनिक व्यवस्था की गई है।

**जफर खान,सीएमओ (CMO)**
नपा, भाटापारा

### मानिटरिंग कर बनाई कार्य योजना

इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्वयं मानिटरिंग कर कार्य योजना बनायी और सबसे पहले उन्होंने इसी बात पर फोकस किया और बारिश से पूर्व ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की दिशा में काम किया। मण्डी रोड जहां हर साल बारिश होने पर सड़क पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती थी, लोगों के घरों, दुकानों तक पानी भर जाता था, जो इस साल बीते पखवाड़े भर से लगातार हो रही बारिश के बाद नहीं भरा इससे आसपास रहवासियों सहित नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है और लोग तेज बारिश के बाद भी इस मार्ग से लगातार आवाजाही कर रहे हैं। शहर में जहां भी यह समस्या रही है, उसे हल करने के लिए नगरपालिका सीएमओ जफर खान, स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा, लोकनिर्माण विभाग सभापति गोविंद पटेल, अधीक्षण अभियंता अमरनाथ अवधिया, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी आनंद राठौर, लोक निर्माण विभाग के पुर्णेन्दु त्रिवेदी, राकिब बांठिया सहित पूरा अमला इस कार्य को अंजाम देने में जुटे रहे।

# क्षेत्र में हो रही शराब की अवैध बिक्री, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



क्षेत्र के ग्राम भरुवाडीह, बिजराडीह, गिधपुरी, जुनवानी, वटगन, तेरासी सहित कई अन्य गांवों में अवैध रूप से देशी और विदेशी शराब की खुलेआम बिक्री जोरों पर है। चिंता की बात यह है कि इन गांवों में न केवल युवा बल्कि छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शराब सेवन करने लगे हैं। इसके चलते गांवों में सामाजिक और पारिवारिक ताना-बाना बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अवैध शराब बिक्री को लेकर कई बार आबकारी विभाग में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं की जाती। कभी-कभार औपचारिक कार्यवाही कर मामला शांत कर दिया जाता है, जिसके बाद फिर से पहले जैसी स्थिति बन जाती है और शराब की बिक्री बदस्तूर जारी रहती है।

वटगन कॉलेज के पास से गुजरने वाले छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है। उन्हें रोज़ नशे में धुत लोगों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके साथ कोई अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि शराबियों की वजह से घर-परिवारों में भी कलह बढ़ रही है और बच्चों पर इसका गहरा मानसिक असर पड़ रहा है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा जब इस समस्या की जानकारी आबकारी विभाग को दी जाती है, तो आश्चर्यजनक रूप से शराब विक्रेताओं को इसकी भनक पहले ही लग जाती है। इससे गांवों में तनाव की स्थिति बन जाती है और प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल खड़े होते हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# दलहन, तिलहन लगाने वाले किसानों को मिलेगी प्रति एकड़ 11 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन खरीफ 2025 हेतु दिशा-निर्देश जारी किया है। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु किसान पोर्टल में पंजीकृत किसानों का पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर राशि रूपये 11 हजार प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी। खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल लेने वाले किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर राशि 10 हजार प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी। योजना के दिशा निर्देशानुसार विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट, मण्डल, प्राईवेट लिमि. समिति, केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानो के अध्ययाधीन किया जाएगा। किसानों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से की जाएगी। खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कॉमन) पर राशि रू. 731 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रूपये. 15351 प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रूपये. 711 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रूपये. 14931 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि जिले में धान के अलावा अन्य फसलों में खेती के लिए अरहर, कोदो, उड़द आदि फसलों के बीजों का भण्डारण विकासखण्डों के कृषि कार्यालयों में किया गया है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा कृषि विभाग के विकासखण्डों में स्थित कार्यालयों से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# महिला सशक्तिकरण का मिसाल बना ग्राम टोनाटार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत टोनाटार में महिलाओं ने एक नई सामाजिक क्रांति की शुरुआत की है। कभी चूल्हा-चौका तक सीमित मानी जाने वाली महिलाएं अब गांव की दशा और दिशा बदलने में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। लगभग 3200 की जनसंख्या वाले इस गांव में अब महिलाएं न केवल पंचायत व्यवस्था में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि गांव को नशा मुक्त बनाने की मुहिम में भी आगे हैं।

टोनाटार गांव में महिला स्व-सहायता समूह भारत माता वाहिनी की महिलाएं आज पूरे क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गई हैं। समूह की अध्यक्ष मंजू वर्मा और सचिव लक्ष्मी वैष्णव के नेतृत्व में महिलाएं रोज़ाना शाम 7 बजे घर-गृहस्थी के काम निपटाने के बाद हाथ में टॉर्च लेकर गांव के चौक-चौराहों और गलियों में गश्त करती हैं। इनका उद्देश्य है गांव में शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की घटनाओं पर रोक लगाना। करीब एक साल पहले तक टोनाटार गांव में महिलाएं शाम होते ही घरों से बाहर निकलने में डरती थीं। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना, गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार आम हो चला था। शराब की लत ने कई परिवारों को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया था। ऐसे समय में भारत माता वाहिनी की महिलाएं गांव की रक्षा में आगे आईं। पिछले 5-6 महीनों में टोनाटार गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब यहां शराब की खुलेआम बिक्री लगभग बंद हो चुकी है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुल्लड़ करने वाले लोगों की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लग चुका है। गांव में शांति का माहौल है और महिलाएं खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### नशामुक्त बनाने का संकल्प

हमने ठान लिया है कि अपने गांव को नशामुक्त बनाएंगे। आज महिलाएं खुद आगे आकर निगरानी कर रही हैं, यह बदलाव का प्रतीक है।

**मंजू वर्मा, अध्यक्ष,** भारत माता वाहिनी

## नव प्रवेशी छात्रों का विद्या आरंभ संस्कार हुआ





**रावन।** भारतीय विद्या मंदिर गायत्री गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवान में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर पूर्व प्राथमिक के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विद्या आरंभ संस्कार संपन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार से पधारे कुंज बिहारी पटेल द्वारा वैदिक पद्धति से एक कुंडिय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से विद्याराम संस्कार कराया गया। उन्होंने संस्कार के महत्व को बताते हुए जीवन में विद्या क्यों आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला। विद्यालय के संरक्षक डॉ. भूषण लाल साहू ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला एवं सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने एक पौधा गुरु के नाम लगाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल संचालक, प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए**
13 जुलाई दिन रविवार, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में मेन रोड, बलौदाबाजार
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
- रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
- घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
- कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# आवारा पशु चट कर रहे किसानों की फसल, राहगीरों के लिए भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

क्षेत्र में लगातार बढ़ती लावारिस मवेशियों की संख्या ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शाम होते ही भवानीपुर, खपरीभाठा, तमोरी, भरुवाडीह, गिधपुरी, जुनवानी, तेरासी, वटगन, साहड़ा सहित आसपास के गांवों की सड़कों और चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा आम हो गया है। इससे न सिर्फ लोगों के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बलौदाबाजार से महासमुंद मार्ग पर बड़ी गाड़ियों की नियमित आवाजाही होती है, लेकिन बीच सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। कई बार वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे अनहोनी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

इन आवारा पशुओं के कारण सबसे अधिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। खेतों में खड़ी धान की फसल को मवेशी रातों-रात चट कर जाते हैं। कई किसान बैंक और साहूकारों से कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं और अब फसल बर्बाद होने से वे आर्थिक संकट में आ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इन पशुओं के मालिकों का कोई अता-पता नहीं है और संदेह है कि रात के अंधेरे में इन्हें बड़े वाहनों से लाकर यहां छोड़ा जा रहा है। अब तक प्रशासन द्वारा मवेशियों को रोकने या उनके लिए किसी स्थायी व्यवस्था की पहल नहीं की गई है। न तो कोई गौशाला है, न ही कोई निगरानी तंत्र। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द लावारिस मवेशियों को एकत्र कर किसी सुरक्षित स्थान पर रखा जाए, जिससे फसलों की सुरक्षा हो सके और सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

